बिरला इंस्टीट्यूट भीमताल बना ओवर ऑल चैम्पियन, रिफात बने मिस्टर युनिवर्सिटी 2024 और लतिका धामी बनी मिस युनिवर्सिटी

यूटीयू एनुअल एथलेटिक्स एंड टैक्नो-कल्चरल फेस्टिवल का समापन

अमर हिन्दुस्तान

देहरादून। वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय यूटीयू का तीन दिवसीय द्वितीय ''एनुअल ऐथलेटिक्स एंड टैक्नो-कल्चरल फेस्टिवल-2024 का गुरूवार को विश्वविद्यालय के सुद्धोवाला स्थित खेल परिसर में हुआ शानदार समापन। यूटीयू के फाण्डर कुलपति प्रो वीके तिवारी ने कौथिग-2024 के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि समय पर जब भी इस तरह के इवेन्ट्स हों तो उनमें अपनी प्रतिभागिता अवश्य करनी चाहिए। इस तरह के एक्टिविटीज में प्रतिभाग करने से हमें मानसिक और शारीरिक मजबूती मिलती है। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फेस्टिवल में मंगलवार को छात्र-छात्राओं की टीमों के बीच विभिन्न प्रतिस्पर्द्धाएं हुयीं विभिन्न छात्र-छात्राओं की टीमों के मध्य हुई खेल प्रतियोगिताएं जिसमें 100 मीटर की दौड़ में 19 टीमें, 200 मीटर की दौड़ में 15 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें पहले दिन दो-दो राउण्ड के खेल के बाद दूसरे दिन बुधवार दोनों प्रतिस्पर्धाओं में फाइनल राउण्ड खेला गया। और फाइनल राउण्ड के परिणाम के बाद बालक वर्ग से 100 मीटर दौड़ की प्रतियोगिता में शिवालिक कॉलजे ऑफ इंजीनियरिंग के छात्र गौरव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडलिस्ट बने जबकि इसी कॉलेज के छात्र अकक्षत ने दूसरा स्थान प्राप्त कर सिल्वर मैडल पाने में सफल रहे तथा जी0आर0डी0 इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र विनय ब्रॉन्ज मैडल के साथ तीसरे स्थान पर रहे। तथा बालिका वर्ग से 100 मीटर दौड़ की प्रतियोगिता में शिवालिक कॉलजे ऑफ इंजीनियरिंग की छात्रा परिशमा ने पहला स्थान पर रहते हुए गोल्ड मैडल प्राप्त किया जबकि बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ अप्लाइड साइंस, भीमताल की छात्रा संगीता ने दूसरा प्राप्त कर सिल्वर मैडल हासिल किया तथा महिला प्रौद्योगिकी संस्थान देहरादून की छात्रा कनक ब्रॉन्ज मैडल के साथ तीसरे स्थान पर रही।

उधर बालक वर्ग के 200 मीटर दौड़ की प्रतियोगिता में किंग्स्टन कॉलेज के छात्र शिवम ने पहला स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल हासिल किया तो शिवालिक कॉलजे ऑफ इंजीनियरिंग के छात्र गौरव ने दूसरे स्थान पर आकर सिल्वर मैडल प्राप्त किया और डॉ अब्दुल कलाम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी टनकपुर के छात्र दिव्यांश ने तीसरा स्थान प्राप्त कर ब्रॉन्ज मैडल हासिल किया। जबकि बालिका वर्ग के 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में महिला प्रौद्योगिकी संस्थान देहरादून की छात्रा विल्माजीत ने गोल्ड मैडल हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया जबकि बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ अप्लाइड साइंस, भीमताल की छात्रा अमिषा दूसरे स्थान पर रहकर सिल्वार मैडल प्राप्त किया। और फैकल्टी ऑफ टैक्नोलॉजी की छात्रा प्रभा ने ब्रॉन्ज मैडल के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में छात्रों में जेबीआईटी ने पहला पर : डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में छात्रों में जेबीआईटी ने पहला व टीएचडीसी टिहरी ने दूसरा व एसडीबीआईओ ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।भाला फेंक छात्र वर्ग में तुला इंस्टीट्यूट ने प्रथम व नन्ही परि सीमान्त इंस्टीटयूट ऑफ इंजीनियरिंग पिथौरागढ़ ने दूसरा स्थान व फैकल्टी ऑफ टैक्नोलॉजी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।भाला फेंक बालिका वर्ग में बीआईएएस भीमताल ने प्रथम व महिला प्रौद्योगिकी संस्थान डब्ल्यू.आई.टी. ने दूसरा स्थान व तुला इंस्टीट्यूट ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

सोसियों हैकाथॉन में कुल 8 टीमों ने प्रतिभाग किया : सोसियों हैकाथॉन में कुल 08 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें से टीएचडीसी हाइड्रो इंजीनियरिंग नई टिहरी से ईशान एण्ड टीम प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफल रही। और दूसरे स्थान पर इसी कॉलेज से बालेन्दू एण्ड टीम रही। तथा महिला प्रौद्योगिकी संस्थान से मिष्ठी डोभाल एण्ड टीम तीसरा स्थान प्राप्त करने में सफल रहीं। तीसरे और आखिरी दिन के खेलों में 4 गुणा 200 रिले दौड छात्र वर्ग में बिरला इंस्टीट्यूट भीमताल प्रथम, तुलाज इंस्टीट्यूट द्वितीय व शिवालिक इंजीनियरिंग कॉलेज ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग की 4 गुणा 200 रिले दौड में महिला प्रौद्योगिकी संस्थान देहरादून प्रथम स्थान व दूसरा स्थाना एच.आई.पी फार्मेसी कालेज तथा तीसरा स्थान सिद्धार्थ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट ने प्राप्त किया।

मिस्टर युनिवर्सिटी 2024 का खिताब शिवालिक कॉलेज के छात्र रिफात को मिला : यू.टी.यू. एनुअल ऐथलेटिक्स एंड टैक्नो-कल्चरल फेस्टिवल कौथिग-2024 की ओवर ऑल चैम्पियन बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ अप्लाइड साइंस भीमताल बना। मिस्टर युनिवर्सिटी 2024 का खिताब शिवालिक कॉलेज के छात्र रिफात को मिला तो फैकल्टी ऑफ टैक्नोलॉजी की छात्रा लतिका धामी के सिर सजा मिस युनिवर्सिटी का खिताब।